दैनिक जागरण 25/04/2024

# सहायक प्रोफेसर राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित

जासं● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी के हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अनीश कुमार को ओसका द्वारा राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान उनके हिंदी भाषा के संवर्द्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए दिया गया है। डा. अनीश कुमार ने हरियाणा में विभिन्न गतिविधियों एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों के द्वारा हिंदी के सौरभ को विदेशों तक पहुंचाने में महती भूमिका निभाई है। उपेक्षित इलाकों में हिंदी वर्णदान जैसी मुहिम चलाकर हिंदी को बचपन से ही अपना गौरव मानने का संकल्प छोटे बच्चों से करवाया। इनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सरकारी कार्यालयों में जाकर हिंदी के प्रयोग को अधिक बढ़ावा देने के लिए पोस्टर चिपकाए ताकि सरकारी अधिकारी अधिक से अधिक अपना कार्य हिंदी में करें। इनके अनेक शोध पत्र मानक पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।



डा. अनीश कुमार